भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3113
दिनांक 16 **दिसंबर**, 2021

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन

†3113. **श्री दिलीप घोष**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास एलपीजी कनेक्शन वाले परिवारों और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले (बीपीएल)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों को प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शनों की कुल संख्या के संबंध में कोई सांख्यिकीय आंकड़े हैं और यदि हां, तो पश्चिम बंगाल में तत्संबंधी वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पीएमयूवाई के लाभार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त करने के बाद अपने सिलिंडरों को फिर से नहीं भर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन ने देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पीएमयूवाई को निर्णायक हस्तक्षेप के रूप में स्वीकार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): दिनांक 01.12.2021 की स्थिति के अनुसार, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) (पीएमयूवाई चरण-I और उज्ज्वला 2.0) के तहत जारी किए गए 8.8 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों सहित 30.21 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं। दिनांक 01.12.2021 की स्थिति के अनुसार, 35.1% पीएमयूवाई लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणियों से संबंधित हैं। पीएमयूवाई के तहत जारी एलपीजी कनेक्शनों का वर्ष/जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख): चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अक्तूबर, 2021) में, पीएमयूवाई चरण-I के तहत एलपीजी कनेक्शन प्राप्त कर चुके 84% पीएमयूवाई लाभार्थियों ने फिर से रीफिल ली है। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर के लिए पीएमयूवाई लाभार्थियों की औसत खपत 3 रीफिल्स थी जो वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बढ़कर 4.39 रीफिल्स हो गई है।

(ग): विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिनांक 02 मई, 2018 की अपनी प्रेस विज्ञप्ति में यह कहा था कि कणीय पदार्थों से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने और उसे कम करने के उद्देश्य से देशों द्वारा उपाय किए जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, मात्र दो वर्षों में ही, भारत की प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली लगभग 37 मिलियन महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं ताकि वे स्वच्छ घरेलू ईंधन का इस्तेमाल कर सकें।

***

अनुलग्नक

"प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्ग एलपीजी कनेक्शन" के संबंध दिनांक 16.12.2021 को श्री दिलीप घोष द्वारा लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 3113 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक					
जिला	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2021-22 (अप्रैल से नवम्बर, 2021)
अलीपुरद्वार	1,08,760	38,827	1,26,543	6,627	11,812
बांकुरा	73,510	1,72,709	1,37,344	45,069	1,58,077
बीरभूम	1,63,019	2,13,644	1,94,998	21,645	1,07,710
द क्षण दिनाजपुर	50,141	75,213	94,746	34,480	56,583
दार्जलिंग	38,759	22,821	38,371	4,922	11,340
हावड़ा	65,838	51,637	47,685	19,155	26,706
हुगली	1,04,472	1,26,015	1,39,509	31,970	61,564
जलपाईगुडी	68,583	77,721	1,00,117	15,780	25,120
झारग्राम	36,784	71,779	44,306	10,333	41,068
कलीमपोंग	1,589	467	5,026	126	262
कूच बिहार	1,96,002	1,09,833	1,05,466	34,586	45,605
कोलकाता	8,084	3,911	234	9,027	10,070
मालदा	89,633	1,09,007	2,43,820	55,360	1,27,520
मुर्शिदाबाद	1,87,484	2,89,185	3,45,821	87,883	2,05,132
नादिया	1,78,052	1,48,214	1,41,108	43,577	1,09,596
उत्तर 24 परगना	1,91,521	1,50,218	1,75,814	79,970	1,38,584
पश्चिम बर्धमान	23,606	37,169	68,961	16,729	21,713
पश्चिम मेदिनीपुर	1,75,249	1,41,214	2,23,098	23,234	76,564
पूर्व बर्धमान	1,37,827	1,67,145	1,96,771	23,407	1,13,902
पूर्व मेदिनीपुर	2,07,610	96,222	1,38,482	65,248	1,18,364
पुर्लिया	44,782	68,343	1,03,273	38,962	1,30,822
द क्षण 24 परगना	2,54,141	2,34,471	2,19,700	78,149	1,60,539
उत्तर दिनाजपुर	1,15,033	1,30,541	1,14,341	48,137	60,773
योग	25,20,479	25,36,306	30,05,534	7,94,376	18,19,426